>

Title :Need to undertake repair of NH 28B connecting Chapwa to Padrauna via Bagaha in Bihar.

श्री पूर्णमासी राम (गोपालगंज): महोदय, मैं आपके माध्यम से भारत सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं कि बिहार के छपवा से बगहा होते हुए पडड़ौना जाने वाली एनएच 28(बी), जो मदनपुर जंगल होकर जाती है, सैकड़ों वर्षों से कच्ची सड़क के रूप में चल रही थी। बाद में जब बगहा छितौनी रेल सहपक्की सड़क के रूप में निर्माण हुआ, उस वक्त रेलवे द्वारा वन विभाग को वन की जमीन के बदले मदनपुर के किसानों की जमीन खरीदकर बदलैन के रूप में दिया गया। रेल विभाग ने वन लगाने हेतु वन विभाग को पैसा भी दिया और साथ ही पेड़ पौधे भी लगवाये गये, परंतु आज भी रेल विभाग को वन विभाग द्वारा बदलैन के रूप में प्राप्त जमीन पर बनायी गयी रेल लाइन सहपक्की सड़क पर वन विभाग द्वारा मरम्मत नहीं करने दिया जा रहा है, जबकि नियमानुसार उक्त जमीन पर वन विभाग का कोई अधिकार नहीं है। यह रेल सहपक्की सड़क यू.पी. के उत्तरी-पूर्वी इलाके और बिहार के लोगों के लिए आने-जाने का एकमात्र मार्ग है, जो उसे जोड़ता है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि माननीय मंत्री जी इस पर ध्यान देंगे, क्योंकि वह रास्ता अगर बंद हो जाता है, तो उत्तर बिहार के लोगों को और यू.पी. के पूर्वी और उत्तरी इलाके के लोगों को हजारों किलोमीटर घूमकर जाना पड़ेगा। इसलिए मेरा निवेदन है कि उस पर ध्यान देकर कार्रवाई करने का कष्ट करें, धन्यवाद।